द बिशप्स को-एड स्कूल, उंड्री

जुनियर स्कूल विशेष प्रार्थना सभा (२०२३)
प्रथम सत्र - १ एवं ५
द्वितीय सत्र - १ एवं ५

सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा।

हम बुलबुलें हैं इसकी ये गुलसितां हमारा ।

जुनियर स्कूल द्वारा १५ अगस्त के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी के विद्यार्थियों को आज़ादी का महत्त्व एवं शहीदों के बलिदान से अवगत करान था । १५ अगस्त के इस गौरवशाली राष्ट्रीय पर्व को हर्षोल्लास के साथ १४ अगस्त के दिन कक्षा एक से पाँचवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा मनाया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के माननीय प्रधानाचार्य जी श्रीमान लूक जी, मुख्याध्यापक श्रीमान रसल जी, मुख्य अध्यापिका श्रीमती फर्नांडिस जी तथा उपस्थित समस्त समन्वयकगण के स्वागत के साथ किया गया। तत्पश्चात पर्यवेक्षिका श्रीमती फर्नांडिस जी द्वारा विशेष प्रार्थना की गई। प्रधानाचार्य जी श्रीमान लूक जी एवं समस्त प्रमुखों ने मिलकर दीपों को प्रज्जवलित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम का संचालन भार अध्यापिका श्रीमती हेमलता शर्मा द्वारा किया गया । श्रृंखला में सर्वप्रथम कक्षा- ५ की छात्रा **अन्वेषा पांडा** ने स्वतंत्रता दिवस के गौरवशाली पर्व की महत्वपूर्ण जानकारी दी ।

तत्पश्चात कक्षा- १ के विद्यार्थियों ने "छोड़ो कल की बातें" रचना गीत के द्वारा सुंदर प्रस्तुति कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया ।

कक्षा- २ के छात्र-छात्राओं ने बहुरूप पोशाक से विभिन्न राज्यों को बड़ी ही सुन्दरता से प्रदर्शित कर उपस्थित सभी दर्शकों का मन मोह लिया ।

कक्षा-३ की छात्रा **अनोरा कास्तेल्लिनों** ने लेखक "जावेद अख़तर" द्वारा रचित 'संदेसे आते हैं, हमें तडपाते हैं' गीत को वाद्य यंत्र पर प्रदर्शित कर सबको प्रफुल्लित कर दिया ।

उसके उपरांत कक्षा-३ के छात्र-छात्राओं ने "आओ बच्चों तुमें दिखाए झाँकी हिन्दुस्तान की" गीत को बड़ी ही सुंदरता और उत्साह से प्रस्तुत किया ।

तत्पश्चात कक्षा-४ के छात्र-छात्राओं ने शास्त्रीय सम्मिश्रण गीत "मिले सुर मेरा तुम्हारा" द्वारा अनेकता में एकता का अनमोल संदेश प्रस्तुत किया ।

इसके उपरांत कक्षा-५ के विद्यार्थियो द्वारा एक संक्षिप्त नुक्कड़ नाटिका 'हम भी देशभक्त बनेंगे' प्रस्तुत किया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण तथा नैतिक मूल्यों आदि महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रकाश डाला गया ।

द्वितीय सत्र से कक्षा- ४ की छात्रा श्रेयोसी ठाकुर ने अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा रचित "पंद्रह अगस्त का दिन कहता है आज़ादी अभी अधूरी है" कविता को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया । इसी श्रृंखला की अगली कड़ी में कक्षा- ३ से ५ के विद्यार्थियों ने कश्मीर पर हुए आतंकवादियों द्वारा अत्याचार को एक नृत्य के रूप में प्रदर्शित कर सभी दर्शकों के रोंगटे खड़े कर दिए ।

द्वितीय सत्र से कक्षा- १ और २ के छात्राओं ने स्वतंत्रता के इस शुभ अवसर पर विविध गानों पर प्रभावशाली नृत्य का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया ।

इस कार्यक्रम में विद्यालय के **२१७** (217) विद्यार्थियों ने भाग लेकर स्वतंत्रता दिवस की महिमा को उजागर कर सभी देशवासियों के ह्रदय में अपने देश के प्रति सम्मान, प्रेम, निष्ठा तथा देशभक्ति की भावना का सृजन किया। विद्यार्थियों की अद्भुत प्रस्तुतियों से सारा वातावरण देशभाक्तिमय हो गया ।

हमारी माननीय मुख्य अध्यापिका श्रीमती फर्नांडिस जी ने प्रतिभागियों के परिश्रम की सराहना की। साथ ही साथ विद्यालय के संगणक विभाग (कम्प्यूटर विभाग), कला विभाग एवं हिंदी विभाग के समस्त अध्यापकगण के अथक प्रयासों की सराहना कर उनका मनःपूर्वक आभार व्यक्त किया।

कक्षा- ५ के छात्र **'अद्वय कवी'** द्वारा सभी को धन्यवाद अर्पण किया गया। कार्यक्रम का समापन **राष्ट्रगान** के साथ किया गया।

हिंदी हैं हम वतन है, हिन्दोस्तां हमारा ।

जय हिन्द । जय भारत

द्वारा – डोरीन तालेकारी

The Bishop's Co-Ed School, Undri
Junior School
Independence Day
Special Assembly

भारत का शास्त्रीय नृत्य
Classical Fusion
Class - IV

Class – IV
MILE SUR MERA TUMHARA
मिले सुर मेरा तुम्हारा